Education Quality and Accountability Office
EQAO

Office de la qualité et de la responsabilité en éducation
OQRE

माता-पिता के लिए प्रश्न और उत्तर

OSSLT

1. OSSLT के लिए क्या परीक्षा ली जाती है?

OSSLT विद्यार्थियों के साक्षरता संबंधी उस कौशल का मूल्यांकन करता है जिसके लिए विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे *ऑंटारियो पाठ्यक्रम (The Ontario Curriculum)* के अनुसार, उसे सभी विषयों में ग्रेड 9 के अंत तक सीख लेंगे।

2. OSSLT उन टेस्टों (परीक्षणों) से किस प्रकार भिन्न है जिन्हें मेरा बच्चा कक्षा में लिखता (देता) है?

कक्षा के टेस्ट और EQAO के टेस्टों का उद्देश्य भिन्न-भिन्न है और वे भिन्न प्रकार की सूचनाएँ देते हैं।

कक्षा के टेस्ट

- इसका आकलन करते हैं कि विद्यार्थियों ने किसी विशिष्ट सूचना को कितनी अच्छी तरह ग्रहण किया है और वे पूरे स्कूल वर्ष विशेष के दौरान होते हैं;
- विद्यार्थियों के शिक्षा ग्रहण करने के संबंध में तात्कालिक सूचना उपलब्ध कराते हैं जिसका उपयोग करके शिक्षक अपनी कक्षा में शिक्षण संबंधी कार्यनीतियों को संशोधित कर सकते हैं;
- शिक्षकों द्वारा स्वतंत्र रूप से विकसित, संचालित और प्राप्तांकित किया जाता है और उनमें व्यक्तिपरक ग्रेडिंग तत्व शामिल हो सकते हैं, जो छात्र विशेष के बारे में शिक्षक की जानकारी पर आधारित होते हैं और
- इस प्रकार के परिणाम उपलब्ध कराते हैं जिनकी तुलना संभवतः स्कूल, बोर्ड या प्रांतीय स्तर पर व्यापक रूप से न की जा सके।

EQAO आकलन

- विद्यार्थियों की शिक्षा के महत्त्वपूर्ण पड़ावों पर उनके संचित ज्ञान और कौशलों का मापन प्रांतीय मानदंडों के सापेक्ष करता है;
- विद्यार्थियों के शिक्षा ग्रहण करने के बारे में वार्षिक सूचना उपलब्ध कराता है जिसका उपयोग शिक्षक, स्कूल, स्कूल बोर्ड और प्रांत उनकी प्रगति को प्रेक्षित करने और सुधार की योजना बनाने के लिए कर सकते हैं;
- ऑंटारियो के शिक्षकों द्वारा विकसित और संचालित किए जाते हैं;
- ऑंटारियो के शिक्षकों एवं ऐसे अन्य योग्य लोगों द्वारा संगत एवं वस्तुनिष्ठ ढंग से प्राप्तांकित किया जाता है जो विशिष्ट प्रशिक्षण पूरा कर चुके होते हैं और
- ऐसे परिणाम उपलब्ध कराते हैं जिनकी तुलना साल दर साल स्कूल, बोर्ड और प्रांतीय स्तर पर की जाती है।

3. क्या सभी विद्यार्थियों के लिए OSSLT देना आवश्यक है?

प्रांतीय टेस्ट ऑंटारियो के सार्वजनिक शिक्षा कार्यक्रम के अंग हैं, जिसकी रूपरेखा *शिक्षा गुणवत्ता और जवाबदेही कार्यालय अधिनियम (The Education Quality and Accountability Office Act)* में वर्णित की गई है। ऑंटारियो सेकेंडरी स्कूल डिप्लोमा (Ontario Secondary School Diploma – OSSD) के लिए कार्य करने वाले सभी विद्यार्थियों को OSSLT में भाग अवश्य लेना चाहिए। OSSLT एक न्यूनतम क्षमता संबंधी टेस्ट है। OSSLT को सफलतापूर्वक पूरा करना OSSD की साक्षरता संबंधी ज़रूरत को पूरा करने का प्राथमिक तरीका है।

4. शिक्षण संबंधी विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को OSSLT में सहायता कैसे दी जाती है?

शिक्षण संबंधी विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को जो व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individual Education Plan – IEP) के अंतर्गत हैं, उन्हें OSSLT में कुछ ऐसे समायोजनों की अनुमति दी जाती है जो कक्षा में होने वाले आकलनों की उनकी नियमित प्रक्रिया से संगत होते हैं। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान, आस्थगन और छूट के लिए मार्गदर्शिका (Guide for Accommodations, Special Provisions, Deferrals and Exemptions)* देख सकते हैं।

5. OSSLT के लिए अंग्रेज़ी भाषा सीखने वालों को कैसे सहायता दी जाती है?

अंग्रेज़ी भाषा सीखने वालों के लिए कुछ ऐसे विशेष प्रावधानों की अनुमति है जो उनके कक्षा के आकलनों के लिए नियमित रूप से अपनाई जाने वाली प्रक्रिया से संगत हों। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान, आस्थगन और छूट के लिए मार्गदर्शिका* देख सकते हैं।

6. क्या छूटों या आस्थगनों की अनुमति है?

ऑंटारियो सेकेंडरी स्कूल डिप्लोमा के लिए कार्य करने वाले विद्यार्थी को OSSLT में भाग लेने की छूट नहीं दी जा सकती। OSSLT एक न्यूनतम क्षमता परीक्षण है और उपाधि ग्रहण के लिए साक्षारता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने का प्राथमिक तरीका है। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान, आस्थगन और छूट के लिए मार्गदर्शिका* देख सकते हैं।

कुछ मामलों में, उन विद्यार्थियों के लिए अगले वर्ष तक OSSLT लेखन स्थगन संभव है जो अब तक ग्रेड 9 के लिए उपयुक्त पढ़ने और लिखने का कौशल नहीं सीख सके हैं।

7. OSSLT को कब संचालित किया जाता है?

प्रत्येक वर्ष, पूरे ऑंटारियो के सभी विद्यार्थी एक ही तारीख को, सामान्यतः मार्च के अंत में या अप्रैल के प्रारंभ में OSSLT लिखते हैं। हमारे वेबसाइट पर आने वाली आकलन तारीखों की सूची उपलब्ध है।

8. OSSLT कैसे संचालित की जाती है?

OSSLT ओंटारियो के शिक्षकों द्वारा पूरे प्रांत में एक समान ढंग से संचालित की जाती है। विद्यार्थी को दो टेस्ट पुस्तिकाओं में से प्रत्येक को पूरा करने में 75 मिनट का समय दिया जाता है। आकलन पुस्तिका के उदाहरण हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

EQAO प्रांतीय आकलन कार्यक्रम को ऑनलाइन करने की एक बहु-वर्षीय योजना के मध्य में है।

9. यदि मेरा बच्चा OSSLT के दिन अनुपस्थित हो, तो क्या होगा?

यदि आपका बच्चा OSSLT संचालित किए जाने के दिन अनुपस्थित होता है, तो वह टेस्ट में भाग नहीं ले सकेगा। इसका मतलब यह है कि आपका बच्चा स्कूल वर्ष के लिए उपाधि ग्रहण के वास्ते साक्षरता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने का अवसर गँवा देगा। उसे अगले स्कूल वर्ष में, अगली बार OSSLT संचालित किए जाने पर उसमें भाग लेना होगा।

वे विद्यार्थी जिनसे OSSLT में भाग लेने की आशा की जाती है, लेकिन वे ऐसा नहीं करते हैं, उन्हें भी स्कूल के परिणामों की सार्वजनिक रिपोर्टिंग में शामिल किया जाता है। चूँकि सार्वजनिक धन से वित्तपोषित शिक्षा प्रणाली प्रत्येक विद्यार्थी के प्रति उत्तरदायी है, इसलिए EQAO प्रत्येक विद्यार्थी के बारे में रिपोर्ट करता है। यदि किसी विद्यार्थी से OSSLT में लिखने की आशा की जाती है परंतु वह ऐसा नहीं करता है, तो उसे अनुपस्थित माना जाता है, और इसलिए EQAO की रिपोर्टिंग में बिना किसी डेटा के माना जाता है।

10. मेरे बच्चे को आकलन के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए?

चूँकि OSSLT 100% *ओंटारियो पाठ्यक्रम* पर आधारित है इसलिए किसी विशेष तैयारी की आवश्यकता नहीं है। जाँच के प्रारूप से और पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार से परिचित होने के लिए, आप आकलन पुस्तिकाओं के उदाहरणों देख सकते हैं।

11. EQAO आकलनों में प्राप्तांक कैसे दिए जाते हैं?

सभी EQAO आकलनों में, बहु-विकल्पीय उत्तरों पर प्राप्तांक मशीन से दिए जाते हैं। स्वतंत्र ढंग से उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों पर प्राप्तांक ओंटारियो के शिक्षकों और अन्य योग्य लोगों द्वारा दिए जाते हैं जो विशेषीकृत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके होते हैं और योग्यता परीक्षण पास कर चुके होते हैं। यह वीडियो EQAO टेस्ट कैसे निर्मित, प्रशासित और प्राप्तांकित किए जाते हैं (How EQAO Tests Are Created, Administered and Scored) के बारे में अधिक स्पष्ट करता है।

12. मैं अपने बच्चे के परिणामों को कब प्राप्त करूँगा/करूँगी?

ऐसे प्रत्येक विद्यार्थी को जो मूल्यांकन लिखता है उसे अपना परिणाम उसी स्कूल वर्ष के जून के आरंभ में प्राप्त होगा। और अधिक जानकारी के लिए कोई ISR नमूना देखें।

आकलन के बाद सभी EQAO आकलनों के प्रांतीय परिणाम भी शरद ऋतु में रिपोर्ट किए जाते हैं। स्कूल और स्कूल बोर्ड के परिणाम EQAO की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाते हैं।

13. EQAO के परिणामों को कैसे रिपोर्ट किया जाता है?

OSSLT एक न्यूनतम-योग्यता आकलन है। अत: उपलब्धि “सफल” या “असफल” के रूप में सूचित की जाती है।

वे विद्यार्थी जो सफल हुए हैं, उन्होंने ग्रेड 9 के अंत में अपेक्षित साक्षरता के न्यूनतम स्तर को प्रदर्शित किया है।

14. क्या मेरे बच्चे के EQAO के परिणामों की गणना उसके ग्रेडों में होगी?

परिणाम विद्यार्थियों के ग्रेडों पर प्रभाव नहीं डालते, लेकिन OSSLT को सफलतापूर्वक पूरा करना, अथवा वैकल्पिक साक्षरता पाठ्यक्रम उपाधि ग्रहण के लिए अपेक्षित है।

15. क्या परिणाम वैध और विश्वसनीय होते हैं?

हाँ। EQAO के टेस्ट को विकसित, प्रेक्षित और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रियाएँ विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं में शामिल हैं, और वे एजेंसी के डेटा की वैधता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित करती हैं। EQAO ने टेस्टों को विकसित करने से लेकर शिक्षकों द्वारा प्राप्तांक दिए जाने और परिणामों को रिपोर्ट किए जाने तक—आकलन चक्र के प्रत्येक चरण पर विश्वसनीयता की जाँच विधियाँ बना रखी हैं। EQAO अपने डेटा की सच्चाई को अधिकतम महत्त्व देती है।

16. मैं अपने बच्चे के शिक्षा-ग्रहण करने में सहायता देने के लिए EQAO के परिणामों का उपयोग कैसे कर सकता/सकती हूँ?

जब बच्चे द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा के मूल्यांकन का मसला सामने आता है तो व्यापक दायरे वाली सूचना पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। EQAO के परिणामों की समीक्षा आपके बच्चे के दैनिक कक्षा-कार्यों और अन्य आकलनों एवं अन्य प्रासंगिक सूचना के साथ की जानी चाहिए ताकि उसके द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा को मापा जा सके और निर्धारित किया जा सके कि कहाँ पर और सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

उन विद्यार्थियों के लिए, जो OSSLT में असफल होते हैं, उनके संबंध में शिक्षकों और उनके माता-पिता के लिए इस बारे में विचार-विमर्श करना विशेष रूप से आवश्यक है कि शिक्षा ग्रहण करने में उत्पन्न अंतराल को भरने के लिए साथ मिलकर कैसे कार्य किया जाए और हाई स्कूल शिक्षा समाप्त होने से पहले विद्यार्थी की उपलब्धि में सुधार किया जाए।

17. मेरे बच्चे के स्कूल के परिणाम मुझे क्या बताते हैं?

स्कूल के परिणाम आपको दर्शाते हैं कि आपके स्कूल में विद्यार्थी आपके स्कूल बोर्ड और पूरे प्रांत के विद्यार्थियों की तुलना में कैसा कार्य कर रहे हैं। वे अन्य विद्यार्थियों की तुलना में आपके बच्चे की उपलब्धियों को समझने और विद्यार्थी की उपलब्धियों में सहयोग देने के बारे में चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार होने में मदद दे सकते हैं।

आप अपने बच्चे के शिक्षक या प्रिंसिपल से अपने बच्चे के स्कूल में शिक्षा ग्रहण कार्यक्रमों के सशक्तीकरण के लिए EQAO के परिणामों के महत्त्व के बारे में चर्चा कर सकते/सकती हैं। पूरे ओंटारियो के स्कूल अपनी उन्नयन योजनाएँ विकसित करने के लिए EQAO डेटा का उपयोग, रिपोर्ट कार्ड ग्रेडों, उपस्थिति दरों और प्रांसगिक सूचना जैसे कक्षा के अन्य डेटा के साथ करते हैं।

18. यदि मेरा बच्चा OSSLT में असफल होता है तो क्या होगा?

जो विद्यार्थी OSSLT में असफल होते हैं, उन्होंने उपाधि ग्रहण के लिए साक्षरता संबंधी अपेक्षा को पूरा नहीं किया है। हालाँकि, विद्यार्थी OSSLT में एक से अधिक बार भाग ले सकते हैं। जो विद्यार्थी OSSLT में कम से कम एक बार असफल हो चुके हैं, वे उपाधि ग्रहण के लिए साक्षरता संबंधी अपेक्षा पूरी करने के लिए ओंटारियो सेकेंडरी स्कूल साक्षरता पाठ्यक्रम [Ontario Secondary School Literacy Course (OSSLC)] में भाग लने के पात्र हो सकते हैं।

जो विद्यार्थी OSSLT में असफल हो जाते हैं, उनके बारे में शिक्षकों और माताओं-पिताओं के लिए इस संबंध में विचार-विमर्श करना विशेष रूप से आवश्यक है कि शिक्षा ग्रहण करने में उत्पन्न हो गए अंतरालों को हाई स्कूल पूरा होने से पहले भरने के लिए साथ मिलकर कैसे कार्य किया जाए।

19. ओंटारियो को प्रांत-व्यापी आकलन की आवश्यकता क्यों होती है?

EQAO के परिणाम ओंटारियो की शिक्षा प्रणाली में उत्तरदायित्व निर्धारित करने के महत्त्वपूर्ण उपाय हैं और विद्यार्थी, स्कूल, स्कूल बोर्ड और प्रांतीय स्तरों की सुधार योजना के लिए महत्त्वपूर्ण साधन हैं। जो स्कूल प्रणाली निरंतर सुधार के बारे में गंभीर हो, उसके पास छात्रों की उपलब्धि के बारे में ऐसा प्रणाली-व्यापी प्रमाण अवश्य होना चाहिए जो वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय हो। आकलन के परिणाम उन क्षेत्रों को प्रकाश में लाते हैं जहाँ विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता हो सकती है। शिक्षक, स्कूल, बोर्ड और प्रांत इन डेटा का उपयोग शिक्षण और शिक्षा ग्रहण संबंधी पहलों को लक्षित करने के लिए करते हैं।